# फिल्म सिटी और इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के लिए बनेंगे दो नए सब स्टेशन

- दोनों सब स्टेशन 132/33 केवी क्षमता के होंगे
- सेक्टर 28 में 400 केवी सब स्टेशन से जोड़ा जाएगा

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : इंटरनेशनल फिल्म सिटी और इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) की बिजली जरूरत को पूरा करने के लिए यमुना प्राधिकरण दो नए सब स्टेशन का निर्माण कराएगा। इसके निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. को सौंपी जा सकती है। प्राधिकरण ने सब स्टेशन के लिए जमीन चिह्नित करने एवं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का काम शुरू कर दिया है।

यमुना प्राधिकरण में औद्योगिक व अन्य विकास परियोजनाओं के लिए लगातार भूखंड आवंटन हो रहे हैं। विकास परियोजनाओं का निर्माण चल रहा है। सेक्टर-21 में इंटरनेशनल फिल्म सिटी का शिलान्यास इसी माह होने की उम्मीद है। वहीं सेक्टर दस में ईएमसी के लिए केंद्र सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है। दोनों परियोजनाओं में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए प्राधिकरण ने सब स्टेशन निर्माण का फैसला किया है। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. अरुणवीर सिंह ने बताया कि सेक्टर-21 व सेक्टर-10 में 132/33 केवी क्षमता के दो सब स्टेशन बनाए जाएंगे। दोनों सब स्टेशन को सेक्टर-28 में बनाए जा रहे 400 केवी सब स्टेशन से जोड़ा जाएगा। फिल्म सिटी का पहला चरण तीन साल में पूरा होगा। इससे पहले सब स्टेशन का निर्माण कर उसे ऊर्जित कर दिया जाएगा।

## तीन सब स्टेशन कार्यरत

यीडा में तीन सब स्टेशन इस समय कार्यरत हैं। इसमें सेक्टर 18 में 220/132/33 केवी सब स्टेशन, सेक्टर 24 व सेक्टर 32 में 220/132/33 केवी क्षमता के सब स्टेशन हैं। सेक्टर 32 स्थित सब स्टेशन से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भी बिजली आपूर्ति हो रही है। सेक्टर- 24 में दीवो, पतंजलि समूह की फैक्ट्री है। वहीं सेक्टर- 32 में औद्योगिक पार्क है।

## क्षमता का दस प्रतिशत भी उपयोग नहीं

यीडा क्षेत्र में अभी बसावट नहीं है। औद्योगिक सेक्टर में भी महज आधा दर्जन इकाई ही क्रियाशील है। इनकी बिजली जरूरत को पूरा करने के लिए प्राधिकरण ने तीन सब स्टेशन को क्रियाशील करा दिया है, लेकिन उपभोक्ता न होने के कारण सब स्टेशन की कुल क्षमता का दस प्रतिशत भी भार उपलब्ध नहीं है। आवासीय सेक्टर व औद्योगिक सेक्टर में इकाईयों के क्रियाशील होने से बिजली सब स्टेशन का पूरी क्षमता से उपयोग हो सकेगा।